सोमवार

12 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





भोजपुर में बेकरी कारोबारी की गोली मारकर हत्या, हंगामा और रोड जाम 2






सुनीता गुप्ता डुमरांव नगर परिषद की नई चेयरमैन चुनी गई हैं। रविवार को बक्सर के बाजार समिति प्रांगण में हुई मतगणना में सुनीता गुप्ता ने प्रचंड बहुमत से चुनाव जीता है।



डुमरांव नगर परिषद चुनाव में चेयरमैन प्रत्याशी सुनीता गुप्ता की जीत के बाद युवा समर्थकों ने उनके पुत्र सुमित गुप्ता को फूल माला से लाद दिया। सुमित ने इस जीत को डुमरांव की जनता की जीत बतायी है।



डुमरांव नगर परिषद चुनाव में उप चेयरमैन पद पर युवा उम्मीदवार विकास ठाकुर ने कब्जा जमाया। इस जीत के बाद युवाओं ने उन्हें माला पहनाकर बधाई दी और अपनी खुशी का इजहार किया।

## खबरें फटाफट

### बक्सर में किशोरी के साथ चार लोगों ने किया दुष्कर्म

**राजपुर।** बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव में रविवार के दिन एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस जानकारी के अनुसार बहुआरा की रहने वाली गुड़िया ( काल्पनिक नाम) किसी काम से कहीं जा रही थी। तभी दो बाइक पर सवार रसेन गांव के रहने वाले शशि कुमार, मोहित चौबे, सुशांत चौबे एवं एक अज्ञात युवक ने कट्टे का भय दिखाकर जबरदस्ती उसे बाइक पर बैठा लिया। इसके उसे शशि कुमार के दलान में लेकर चले गए। यहां किशोरी के साथ चारों युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले को लेकर युवती की मां के द्वारा लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी है।

### सारण जिले में तीन सगे भाइयों की हत्या

**सारण।** सारण जिले में एक सनसनीखेज वारदात में तीन सगे भाइयों की हत्या हो गई। मामला दो पट्टिदारो के मध्य हुए जमीनी विवाद से शुरू हुआ और इसमें तीन संगे भाइयों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। शनिवार रात आपसी विवाद में हुई चाकूबाजी की इस घटना में तीन लोगों की मौत एवं 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं। जानकारी के अनुसार जिले के एकमा प्रखंड क्षेत्र के गंगोली गांव में जमीनी विवाद को लेकर लालू महतो उनके भाईयो के बीच में हूए चाकूबाजी, में उनके ही 3 भाई की मौत हो गई वहीं उनके कई परिजन घायल हो गए।

## दिल्ली के सीएम ने रामलीला मैदान में केंद्र पर बोला हमला

# रैली में गरजे केजरीवाल, पीएम मोदी को कहा अहंकारी तानाशाह

- बोले केजरीवाल... 12 साल पहले करप्शन के खिलाफ रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए थे, आज इस देश से एक अहंकारी तानाशाह को हटाने के लिए इकट्ठा हुए हैं
- देश के अंदर जनतंत्र खत्म हो रहा है, इसी को तानाशाही और हिटलरशाही कहते हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर महारैली को संबोधित किया। केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ बुलाई गई रैली में प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कई साल बाद आज हम रामलीला मैदान में इकठ्ठा हुए हैं। 12 साल पहले करप्शन के खिलाफ इकट्ठा हुए थे। आज इस देश से एक अहंकारी तानाशाह को हटाने के लिए इकठ्ठा हुए हैं। इस दौरान केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को लेकर भी पीएम मोदी पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने (पीएम) मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया। हमारे पास एक मनीष सिसोदिया नहीं है, हमारे पास 100 मनीष सिसोदिया हैं, हमारे पास एक सत्येंद्र जैन नहीं है, हमारे पास 100 सत्येंद्र जैन हैं। आप एक को जेल में डालोगे तो दूसरा काम करने आ जाएगा लेकिन दिल्ली में विकास के काम नहीं रुकेंगे।

**ये पीएम सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानता- केजरीवाल:** केजरीवाल ने कहा, 11 मई को देश की सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के हक में फैसला दिया और 19 मई को मोदी सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। 75 साल में ऐसा पीएम आया है जो कहता है कि मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानता। केजरीवाल ने कहा, देश के अंदर जनतंत्र खत्म हो रहा है, इसी को तानाशाही और हिटलरशाही कहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जनता सुप्रीम है। मोदी जी का अध्यादेश कहता है कि दिल्ली की जनता सुप्रीम नहीं है एलजी सुप्रीम है।

**अध्यादेश खारिज करवाकर रहेंगे- केजरीवाल:** केजरीवाल ने आगे कहा, बीजेपी वाले रोज मुझे गाली देते हैं मुझे अपमान की कोई चिंता नहीं है। हम अपने काम में व्यस्त रहते हैं लेकिन इस बार इन्होंने आप लोगों का अपमान किया। इसे मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस अध्यादेश को हम खारिज करवाकर रहेंगें। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करवाकर रहेंगे।

**जो दिल्ली के साथ हुआ वही देश के साथ होगा- केजरीवाल:** आप संयोजक ने कहा, पूरे देश में हम घूम रहे हैं मैं आपको बताना चाहता हूं कि 140 करोड़ लोग आपके साथ हैं। पूरे देश के लोगों को बोलना चाहता हूं दिल्ली के लोगों के साथ हुआ है। जैसे दिल्ली में अध्यादेश लागू किया गया, कल यही अध्यादेश राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के लिए लाया जाएगा।



### केजरीवाल ने दिया 21 साल बनाम 8 साल का चैलेंज

केजरीवाल ने कहा गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री को मिलाकर मोदी जी को राज करते 21 साल हो गए हैं और मुझे राज करते 8 साल हो गए हैं। केजरीवाल ने चैलेंज किया कि कोई भी मोदी जी के 21 साल और मेरा 8 साल की तुलना कर ले, देख ले किसने ज्यादा काम किया है।

**मोदी जी, देश संभालो न:** केजरीवाल ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मोदी जी दिल्ली के पीछे क्यों पड़े हैं. 2014 में दिल्ली के लोगों ने बीजेपी को 7 लोकसभा सीट दे दी। दिल्ली वालों ने कह दिया, मोदी जी दिल्ली संभालो। दिल्ली वालों ने विधानसभा में बीजेपी को सिर्फ 3 सीट दी। इसका मतलब साफ है, दिल्ली वालों ने कह दिया कि मोदी जी दिल्ली की तरफ मत देखना। केजरीवाल ने आगे कहा कि 2019 में फिर सभी लोकसभा सीटें बीजेपी को दे दीं और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 में 62 विधानसभा सीटें आम आदमी पार्टी को दे दी। फिर साफ कर दिया कि दिल्ली की तरफ मत देखना।

# वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर सड़क दुर्घटना में मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**एजेंसी/वाराणसी**

वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर मिजार्मुराद क्षेत्र में रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। काशी दर्शन के लिए आ रहे परिवार की कार डिवाइडर से टकराने के बाद हाईवे पर खड़े कंटेनर में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो बच्चों समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रयागराज जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के उचवागड़ी निवासी अधिवक्ता पवन प्रकाश शुक्ला (33), अपनी पत्नी नेहा (30), बेटे अहान (5) व विहान (3) के साथ कार से दर्शन-पूजन के लिए निकले थे। कार में पवन प्रकाश शुक्ला के परिवार के अलावा उनकी सास प्रयागराज जिले के फूलपुर थाना के रामगढ़ कोठारी की रहने वाली ज्योति मिश्रा (48), उनका बेटा अनुपम मिश्र (30) व बहू पूजा मिश्रा (25) और उनकी मां चांदोपारा गांव की रहने वाली सुधा द्विवेदी (63) भी सवार थीं।

**कार चालक को नींद की झपकी आने से हुआ हादसा:** सभी लोगों ने विंध्याचल में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद कार से बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए वाराणसी निकले। आशंका जताई गई है कि कार चला रहे अनुपम मिश्र को खजुरी में नेशनल हाईवे पर झपकी आई। इसी के साथ उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और फिर सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा घुसी। स्थानीय लोगों की सूचना पर आई मिजार्मुराद थाने की पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुधा द्विवेदी, उनकी बेटी ज्योति और पवन प्रकाश शुक्ला को एंबुलेंस से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा। मगर, रास्ते में ही तीनों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल दो बच्चों सहित पांच लोगों को उपचार के लिए समीप के नर्सिंग होम में ले जाया गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि हादसे के संबंध में परिजनों को जानकारी दे दी गई थी। कंटेनर को कब्जे में लेकर तीन लोगों का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।






## आरजेडी सुप्रीमो और बिहार के पूर्व सीएम ने जन्मदिन पर अपने नातियों के साथ काटा केक

# 76 साल के हुए लालू यादव, परिवार के साथ मनाया जन्मदिन

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी सुप्रीमो और बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव ने अपना 76वां जन्मदिन अपने परिवार के साथ मनाया। सुबह से ही उन्हें जन्मदिन की बधाई मिल रही थी। पटना में लालू के परिवार ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और फिर लालू यादव ने अपने नातियों के साथ केक काटा। इस मौके पर पत्नी राबड़ी देवी, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, लालू की बहू राजश्री यादव, बेटी मीसा भारती, रोहिणी आचार्य सहित अन्य बेटियां भी साथ दिखीं। पिता लालू यादव का जन्मदिन खास बनाने के लिए बेटी रोहिणी शनिवार को सिंगापुर से पटना पहुंची थीं।



**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू की ओर से दी गई बधाई:** लालू यादव के जन्मदिन पर रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू की ओर से उन्हें बधाई दी गई। सीएम नीतीश कुमार ने अपने ट्विटर से बधाई दी। उन्होंने लिखा, श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना है। वहीं जदयू के अधिकारिक ट्विटर हेंडल से भी लालू यादव को बधाई दी गई है. जदयू की ओर से किए गए ट्विट में लिखा गया है, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजद प्रमुख श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं। वहीं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी लालू यादव को बधाई दी है. उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय के प्रतीक, पूर्व केंद्रीय मंत्री, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

# पुलिस पर हमला और फायरिंग में वांटेड कुख्यात प्रकाश ठाकुर गिरफ्तार

- ❒ बहोरनपुर ओपी की पुलिस ने शनिवार की रात जिले के टॉप 20 अपराधी को दबोचा
- ❒ अपराध की साजिश करते बरिसवन गांव से पकड़ा गया कुख्यात
- ❒ पिछले साल अगस्त में पुलिस पर हमला करने के बाद से फरार चल रहा था प्रकाश
- ❒ कुख्यात प्रकाश ठाकुर पर पूर्व से दर्ज हैं हत्या सहित सात केस दर्ज



**आरा।** भोजपुर के टॉप टेन और 20 अपराधियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस को शनिवार की रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। बहोरनपुर ओपी की पुलिस ने जिले के टॉप 20 अपराधियों में शामिल कुख्यात प्रकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। वह बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के गौरा गांव निवासी देवनंदन ठाकुर उर्फ टुन्नु ठाकुर का पुत्र है। शनिवार की रात उसे शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव स्थित एक मोबाइल टावर से आपराधिक वारदात की साजिश रचते गिरफ्तार किया गया। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि टॉप टेन और टॉप 20 अपराधियों की धरपकड़ को लगातार छापेमारी की जा रही है। उसी क्रम में शनिवार की रात टॉप 20 अपराधियों की सूची में शामिल गौरा गांव निवासी कुख्यात प्रकाश ठाकुर के अपने इलाके में आने की सूचना मिली। उसके बाद जगदीशपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में बहोरनपुर ओपी की पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि अबतक प्रकाश ठाकुर सहित जिले के टॉप 20 के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में बहोरनपुर ओपी के अपर थानाध्यक्ष राजाराम प्रसाद सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## छापेमारी करने गयी पुलिस टीम पर फायरिंग करते भाग निकला था प्रकाश

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गौरा गांव निवासी प्रकाश ठाकुर का लंबा आपराधिक रिकार्ड है। उसके खिलाफ बहोरनपुर ओपी में पुलिस पर हमला, हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित सात केस दर्ज हैं।

पिछले साल अगस्त माह में वह छापेमारी करने गयी पुलिस पर फायरिंग करते भाग निकला था। तब से उसकी तलाश की जा रही थी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 26 अगस्त की रात करीब आठ बजे बहोरनपुर ओपी के चारघाट बांध के पास कुछ अपराधियों द्वारा डकैती की योजना बनाये जाने की सूचना मिली थी। उस आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में कि टीम गठित कर छापेमारी की गयी थी। तब अपराधियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी थी। पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गयी थी। उस समय चार अपराधी पकड़े गए थे। जबकि प्रकाश ठाकुर सहित अन्य फायरिंग करते अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले थे। पुलिस के अनुसार प्रकाश ठाकुर पूर्व में भी जेल जा चुका है। दिसंबर 2021में जेल गया था और पांच माह बाद जमानत पर आ गया था। उसके बाद ?जून 2022 में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एससी एसटी एक्ट के तहत केस हुआ था। उसके खिलाफ बहोरनपुर ओपी में 2017में पूर्व मुखिया के भाई की हत्या करने का केस भी दर्ज है।

## खबरें फटाफट

### एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव की एक युवती का अपहरण शादी की नियत से करने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में उसके पिता ने कृष्णा सिंह समेत तीन पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया हैं। जानकारी के अनुसार कृष्णा का ननिहाल पुराना भोजपुर में है तथा वह यही रहकर पढ़ाई करता था। इसी दौरान ननिहाल के ही एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। जिसके बाद वह उसे भगा ले गया हैं। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं। वही इस मामले में गांव में अनेकों तरह की चर्चांए चल रही हैं।

### प्रतापसागर के पास टेंपो से गिर अधेड़ की मौत नहीं हो सकी पहचान

**केटी न्यूज/डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 922 पर प्रतापसागर गांव के पास एक चलती ऑटो से गिर एक अधेड़ यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे तत्काल इलाज के लिए मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बक्सर सदर अस्पतला रेफर कर दिया। लेकिन सदर अस्पतला पहुंचते पहुंचते उनकी मौत हो गई थी। सदर अस्पताल के डाक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। हालांकि जख्मी यात्री की पहचान नहीं हो सकी हैं।

### लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**
कोरान सराय थाना क्षेत्र के दखिनांव गांव से एक युवक को हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। गिरफ्तार युवक श्रवण कुमार पिता दशरथ बिंद पर हरियाणा में किसी युवती को प्रेम प्रसंग में बहला फुसलाकर भगाने का अरोप था।

# भोजपुर में बेकरी कारोबारी की गोली मारकर हत्या, हंगामा और रोड जाम





- ❒ बिहिया की राजा बाजार की शनिवार की रात की घटना
- ❒ केक खरीदने के बहाने आये दो अपराधियों ने सीने में दाग दी गोली
- ❒ अस्पताल ले जाने के दौरान दुकानदार की रास्ते में गयी जान
- ❒ गोली लगने के बाद कारोबारी ने अपराधियों को पकड़ने का किया प्रयास
- ❒ गिरफ्तारी की मांग को लेकर टायर जलाकर किया गया रोड जाम, बाजार रहा बंद



**आरा।** भोजपुर की बिहिया नगर की राजा बाजार में शनिवार की देर रात एक बेकरी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। केक खरीदने के बहाने कारोबारी के घर पहुंचे अपराधियों ने उनके सीने के बीच में गोली दाग दी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक राजा बाजार वार्ड नंबर-8 निवासी आशुतोष कुमार उर्फ मुन्ना का 34 वर्षीय पुत्र कुमार मनोहर उर्फ मिनची कुमार थे।

उनकी राजा बाजार स्थित हाई स्कूल के समीप परिवार ब्रेकर्स किंग नाम की बेकरी की दुकान थी। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। अपराधियों की संख्या दो बतायी जा रही है। दोनों बाइक पर सवार थे। हालांकि गोली लगने के बाद भी जख्मी कारोबारी द्वारा आपराधियों को पकड़ने की कोशिश की गयी। लेकिन दोनों बाइक से भाग निकले। इधर, हत्या से गुस्साए लोग रविवार की सुबह सड़क पर उतर गये। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया। टायर जला कर नारेबाजी की गयी। हत्या के विरोध में पूरा बाजार भी बंद रहा।

हत्या की सूचना मिलने पर केंद्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस भी बिहिया पहुंचे। इधर, घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और छानबीन की। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे और उन्होंने गुस्साये लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। बाद में एसपी प्रमोद कुमार भी बिहिया पहुंचे और समझाकर लोगों को शांत कराया। उन्होंने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया। उसके बाद लोग शांत हुए और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

> हत्या के कारणों की तफ्तीश व अपराधियों की गिरफ्तारी को टीम गठित कर दी गयी है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। केक खरीने के दौरान पैसे की लेनदेन में विवाद सहित हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना में शामिल आपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **प्रमोद कुमार, एसपी, भोजपुर**

## बिहिया हत्या कांड : दरवाजा खटखटाया केक मांगा और दुकानदार को मार दी गोली

- ❒ खाने के तुरंत बाद ही ग्राहक बन कर दरवाजे पर पहुंच गए थे अपराधी
- ❒ पत्नी बोली: थाली रखने जा रही थी, तभी अपराधियों ने मार दी गोली
- ❒ गोली की चलने की आवाज सुनी तो लगा कि बारात में फोड़ा जा रहा पटाखा
- ❒ पति की आवाज सुनकर घर से बाहर आयी, तो देखा कि लगी है गोली
- ❒ पत्नी बोली: किसी से नहीं थी कोई दुश्मनी, हत्या के कारणों की छानबीन कर रही पुलिस

**आरा।** बिहिया की राजा बाजार के रहने वाले बेकरी कारोबारी मनोहर उर्फ मिनची कुमार की फिल्मी स्टाइल में हत्या की गयी है। अपराधियों ने पहले दरवाजा खटखटाया, फिर केक मांगा और उसके बाद सीने में गोली दाग दी।

अपराधी ग्राहक बन कर खाने के तुरंत बाद ही पहुंच गये थे। घटना के समय उनकी पत्नी और पिता सहित घर के सभी लोग जग रहे थे। घटना करीब 11 बजकर पांच मिनट की बतायी जा रही है। कारोबारी की पत्नी पूजा देवी ने बताया कि वह खाकर घर से बाहर निकले। कहा कि ग्राहक का केक का ऑर्डर है। केक देकर आता हूं। तब वह भी खाना खाने लगी। वह खाकर थाली रखने जा रही थी। तभी उसने देखा कि गली में गमछा ओढ़े चितकाबर कलर का कपड़ा पहने एक युवक खड़ा है। तब उसने सोचा कि कोई ग्राहक आइसक्रीम लेने आया होगा है। उसके बाद वह किचन में थाली रखने चली गई। तभी फायरिंग की आवाज सुनाई पड़ी। उसने सोचा कि किसी ने पटाखा छोड़ा होगा। तभी उसके पति ने चिल्लाया कि मुझे गोली मार दी है। तब वह दौड़ कर बाहर आयी तो देखा कि उसके पति अपराधियों को पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़ रहे हैं। हालांकि अपराधी बाइक पर सवार भाग निकले और गोली लगने से जख्मी उसके पति गिर पड़े। उसके बाद घर के सभी सदस्य परिजन पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी का किसी से दुश्मनी नहीं थी। वहीं घटना के बाद पूरे बिहिया नगर में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह और दारोगा रामाशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। मामले की छानबीन एवं अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी गयी। उसके लिए पुलिस आसपास इलाके में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

**दोपहर तक सड़क पर डटे रहे लोग, ठोस आश्वासन के बाद शांत हुआ गुस्सा :** शनिवार की रात आरा सदर अस्पताल में डाक्टरों की ओर से बेकरी कारोबारी को मृत घोषित किये जाने के बाद परिजन भड़क उठे। गुस्साए परिजन व ग्रामीण शव लेकर बिहिया आ गये। उसके बाद रविवार की सुबह लोग सड़क पर उतर गये। सुबह करीब सात बजे से लोग सड़क पर आ गये थे। आक्रोशित लोगों की ओर से टायर जलाकर बिहिया-जगदीशपुर पथ को जाम कर दिया गया। दोपहर में भीषण गर्मी के बीच लोग सड़क पर तिरपाल लगाकर बैठे रहे। सूचना मिलने पर बिहिया पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों द्वारा शव उठाने से रोक दिया गया।

## एक नजर

### राजद ने दलितों के बीच भोज का आयोजन कर मनाया पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का जन्मदिन



**जहानाबाद।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के क्षेत्र में जन्मदिन पर बिहार के कई हिस्सों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में जहानाबाद में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।जहानाबाद के काको प्रखंड के रानीपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में विधान परिषद कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव एवं विधायक सुदय यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने केक काटकर लालू यादव का क्षेत्र का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को भोजन भी कराया गया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सम्मान में जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव ने कहा कि लालू यादव देश दुनिया में सामाजिक न्याय और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक है ।उनके जन्मदिन पर हम लोग भोजन करा कर गरीबों को उनकी भूख मिटाने नहीं बल्कि उनके अंदर के भूख को जगाने आए हैं कि वह आगे बढ़े सम्मान की जिंदगी जीए हैं और अपने हक की लड़ाई लड़े ।उन्होंने कहा कि समाज का गरीब तबका अभी भी अपने अधिकारों से वंचित है इसीलिए उसे जागरूक होना जरूरी है ।इस मौके पर विधायक सुदय यादव ने कहा कि कहा कि लालू प्रसाद यादव बाबा साहब अंबेडकर के बाद सामाजिक सद्भाव के दूसरे मसीहा हैं और उनके जन्मदिन को हम लोग गांव-गांव में जन्मदिन मना कर लोगों को जागरूक कर रहे है। इधर मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने इंद्रपुर और नेर गांव के दलित समाज के लोगों के बीच भोज का आयोजन करने के साथ साथ कलम और किताब का वितरण किया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद सदैव दलितों का उत्थान चाहते है और उन्होंने गरीबों को पढ़ना लिखना सीखो मेहनत करने वालों का नारा दिया है। इसी तरह जिला पार्षद आभा रानी ने यदु बिगहा और आजाद नगर के दलितों के बीच भोज का आयोजन कर राजद सुप्रीमो लालू यादव का जन्मदिन मनाया।

रेलवे ट्रैक से मिला किशोर का क्षत-विक्षत शव, हत्या का आरोप

### दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ रेलवे स्टेशन के पास मिला युवक का शव



**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से रविवार सुबह एक किशोर का शव बरामद किया गया। शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था। मृत किशोर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी सम्मत मुसहर का 15 वर्षीय पुत्र बुधु मुसहर था। रेल पुलिस ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत होने की बात बता रही हैं। वहीं उसके घरवाले गांव के दो लोगों पर चोरी के आरोप में मारपीट करने के बाद रेलवे ट्रैक पर फेंकने का इलजाम लगा रहे हैं। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी है। किशोर की मां लगमनिया देवी ने बताया कि उनका बेटा शनिवार की शाम घर की छत पर था। देर शाम वह पानी पीने छत से नीचे उतारा था। तभी बगल के ही दो पड़ोसियों ने उसे पकड़ लिया।?उसके बाद चोरी करने का आरोप लगाते हुए जामुन के पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई की गयी। उसमें वह अधमरा हो गया। उसके बाद उनलोगों द्वारा उसे रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया। उसके कारण ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं रेल पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में किशोर की किसी चलती ट्रेन की चपेट में आने और कटने के कारण मौत होने की आशंका जताई गई है। बहरहाल पुलिस किशोर के परिजनों की शिकायत के आधार पर भी मामले की छानबीन में जुटी है। ?बताया जा रहा है कि किशोर अपने तीन बहन और दो भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां लगमनिया देवी, बहन फागुनी, बिंदा, इंदु और छोटा भाई बाढु है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां लगमनिया देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आर्म्स एक्ट और बाइक चोरी का आरोपित हथियार लहराने में गिरफ्तार

आरा। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी युवक को हथियार लहराना काफी महंगा पड़ा। हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बेलाउर गांव निवासी स्व. हेमत चौधरी का पुत्र मोहन चौधरी है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो गोलियां भी बरामद की गयी है। मोहन चौधरी बेलाउर गांव निवासी कुख्यात रंजीत चौधरी का भतीजा भी बताया जा रहा है। वह पूर्व से आर्म्स एक्ट और स्कूटी चोरी में आरोपित रहा है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार को वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक लड़का हथियार लहराते दिख रहा था। जांच में पता चला कि वायरल वीडियो उदवंतनगर इलाके का है। उसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी को ले एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा ग्रामीणों और चौकीदार के जरिए हथियार लहराने वाले युवक की पहचान की गयी। उसके बाद तकनीकी सूत्र के जरिए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और दो गोलियां बरामद की गयी। हथियार बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी ने बताया कि उसका आपराधिक रेकॉर्ड खंगाला जा रहा है। अभी तक उसके खिलाफ उदवंतनगर थाने में आर्म्स एक्ट और चोरी के दो मामले मिले हैं। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## इटाढ़ी प्रखंड के चयनित 10 मरीजों को आजीवन देंगे निक्षय पोषण कीट

# निक्षय मित्र बने मिथिलेश पाठक, टीवी के 10 मरीजों को लिया गोद

**केटी न्यूज/बक्सर**




इटाढ़ी पीएचसी में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के तहत प्रखंड क्षेत्र को टीबी मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। रविवार को इस अभियान में जिले के चर्चित समाजसेवी मिथिलेश पाठक भी जुड़ गए हैं।

उन्होंन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के चिन्हित टीबी के 10 मरीजों को गोद लेकर न सिर्फ छह महीने तक बल्कि आजीवन उन्हें निक्षय पोषण कीट देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए नागेश दत्त पांडेय ने बताया कि प्रसिद्ध समाजसेवी मिथिलेश पाठक ने यह ऐतिहासिक पहल की है जो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। वही मिथिलेश पाठक ने इटाढ़ी के एसटीएस इंदु कुमारी की प्रेरणा से प्रेरित होकर निक्षय मित्र बनने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई और निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों की सेवा करने की ठानी है। उन्होंने रविवार को इटाढ़ी प्रखंड के टीबी के 10 मरीजों को गोद लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि टीबी मरीजों की सेवा करने का मुझे मौका मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ 6 माह के लिए नहीं बल्कि आजीवन गोद लिए मरीजों का निक्षय पोषण देता रहूंगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएचसी प्रभारी श्रीनिवास उपाध्याय ने कहा कि एसटीएस इंदु कुमारी से प्रेरित होकर मिथिलेश पाठक ने निक्षय मित्र बनकर लोगों की सेवा के प्रति कदम बढ़ाया है। इससे अन्य समाजसेवियों को भी प्रेरणा मिलेगी। निश्चित रूप से आगे भी अन्य लोग प्रेरित होकर टीबी मरीजों को स्वस्थ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बता दें कि टीबी अब लाईलाज नहीं रह गई है, बल्कि सभी सरकारी अस्पतालों में इसका इलाज मुफ्त किया जाता हैं। मिथिलेश पाठक ने लोगों से स्वास्थ विभाग के टीबी मुक्त भार अभियान में सहयोग करने तथा टीबी मरीजों को इलाज के लिए पीएचसी पहुंचाने की अपील की हैं। मौके पर डॉक्टर राकेश राज, अभिषेक सिन्हा, श्रीप्रकाश दुबे, राजीव रंजन पाठक, मुकेश सिन्हा, गौरव कुमार, राहुल कुमार, जफर आलम, अजीत कुमार समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## खबरें फटाफट

### यह जनता की जीत है, उम्मीदों पर खरा उतरूंगी: सुनीता गुप्ता

**सुमित गुप्ता बोले... शपथ ग्रहण के साथ ही चुनावी घोषणा पर शुरू होगा काम**

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद की नई चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने अपनी प्रचंड जीत को जनता की जीत बताया और कहा कि चुनाव में जनता ने जो अपार प्यार और दुलार मेरे प्रति दिखाया है उसे जाया नहीं होने दूंगी। मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगी। उन्होंने कहा कि डुमरांव को मॉडल शहर बनाना उनका सपना है, वे इस सपने को पूरा कर दिखाएंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी वर्गों व धर्मों का अपार समर्थन मिला है। जिससे मैं अभिभूत हूं। उन्हें भारी बहुमत से जीताने के लिए नगर परिषद क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि वे अगले पांच वर्षों में नगर परिषद बोर्ड के सहयोग से विकास की पटकथा लिखेंगी। वही उनके प्रतिनिधि सह पुत्र सुमित गुप्ता ने कहा कि उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए पूरी योजना तैयार कर रखी हैं, जो उनके चुनावी घोषणा पत्र में शामिल था। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के साथ ही चुनावी घोषणापत्र को अमलीजामा पहनाया जाएगा और डुमरांव को मॉडल शहर बनाया जाएगा। सुमित ने इस जीत को नगर परिषद क्षेत्र की मतदाताओं की जीत बताया।

### चुनावी समर में हावी रहीं सुनीता गुप्ता, स्वयंशक्ति का दिखा जलवा

**डुमरांव।** नगर परिषद के इस चुनावी समर में सुनीता गुप्ता शुरू से ही हावी रही हैं। उनके पुत्र सह प्रतिनिधि सुमित गुप्ता तथा उनकी टीम स्वयंशक्ति की मेहनत का ही कमाल था कि वे पांच हजार से अधिक के अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहीं। बता दें कि नामांकन के साथ ही सुमित तथा उनकी टीम जनता के बीच विपक्षियों पर हावी रही थी। वही उनके मिलनसार स्वभाव तथा स्वयंशक्ति के बैनर तले किए गए सामाजिक कार्यों का भरपूर ईनाम भी मिला। बता दें कि सुमित तथा उनकी टीम ने कोरोना काल में लगातार पीड़ित जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न, दवाई तथा दैनिक आवश्यकता के अन्य सामनों की घर तक आपूर्ति कर लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई थी। चुनाव परिणाम भी इस बात की तस्दीक कर रहा है। बता दें कि चेयरमैन सुनीता गुप्ता के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता स्वयंशक्ति संगठन के संयोजक तथा उप मुख्य पार्षद बने विकास कुमार अध्यक्ष हैं। निकाय चुनाव की जीत को स्वयंशक्ति संगठन की जीत बताया जा रहा हैं। टीम स्वयंशक्ति में शहर के विभिन्न वार्डों के अच्छे युवाओं की फौज है। इस जीत को युवा शक्ति की जीत के रूप में देखा जा रहा है।

## शहर की सरकार: जनता ने युवा उम्मीदवार विकास कुमार पर जताया भरोसा, चुने गए उपचेयरमैन


# सुनीता गुप्ता बनीं डुमरांव नप की नई चेयरमैन

- डुमरांव नगर परिषद की चेयरमैन बनीं सुनीता गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी तथा पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद की पत्नी आशा देवी को 5351 मतों के भारी अंतर से हराया
- इटाढ़ी नगर पंचायत में संजय पाठक चेयरमैन जबकि सुनील कुशवाहा उप चेयरमैन चुने गए

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के डुमरांव नगर परिषद और इटाढ़ी नगर पंचायत चुनाव की मतगणना रविवार को बाजार समिति में हुई। डुमरांव में सुनीता गुप्ता चेयरमैन व विकास कुमार उपचेयरमैन निर्वाचित किए गए हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने उन्हें प्रमाण पत्र दिया। वहीं इटाढ़ी नगर पंचायत में संजय पाठक चेयरमैन जबकि सुनील कुशवाहा उप चेयरमैन चुने गए। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने दोनों को अपने हाथों प्रमाण पत्र सौंपे। निर्वाचन कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव नगर परिषद की चेयरमैन बनी सुनीता गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी तथा पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद की पत्नी आशा देवी को 5351 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। सुनीता को इस चुनाव में कुल 11676 मत मिले जबकि आशा को मात्र 6325 मत ही मिले। वहीं उप मुख्य पार्षद पद के विजेता विकास कुमार को 5477 मत तथा उनके विपक्षी मो फिरोज को 4492 मत मिले। विकास 985 मतों से विजयी घोषित किये गयें।

वहीं इटाढ़ी नगर पंचायत के चेयरमैन संजय पाठक को 3365 मत मिले थे, वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मुकेश कुमार को 1156 मतों से पराजित किए। मुकेश को 2209 मत प्राप्त हुए थे। वही उप चेयरमैन पद पर 1597 मत लाकर सुनील कुशवाहा विजयी घोषित हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इशरार आलम को 1126 मत मिले। सुनील 471 मतों से विजयी हुए। बता दें कि सुबह आठ बजे से ही बक्सर के बाजार समिति रोड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू हुई। इस दौरान बाजार समिति परिसर को पुलिस छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया था। जिला निवार्ची पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के जवान मतगणना कक्ष तथा परिसर में मौजूद थें। बाजार समिति रोड की बैरेकेटिंग कर सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। सिर्फ पुलिस प्रशासन व मीडिया के वाहनों को ही प्रवेश दिया जा रहा था। वही जैसे जैसे प्रत्याशियों के जीत की घोषणा हो रही थी, वैसे वैसे उनके समर्थकों में उल्लास भर जा रहा था।



बक्सर स्थित बाजार समिति प्रांगण में बने मतगणना स्थल पर निर्वाची पदाधिकारी सह डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने नई चेयरमैन को प्रमाण पत्र दिया।



निर्वाची पदाधिकारी से प्रमाण पत्र ग्रहण करते उपचेयरमैन विकास कुमार।



जीत के बाद इटाढ़ी के चेयरमैन संजय पाठक का उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।



इटाढ़ी के उप चेयरमैन सुनील कुशवाहा।

### परिणाम जारी होते ही कहीं उड़े गुलाल तो कही चेहरे पर दिखा मलाल

नगर निकाय चुनाव का परिणाम जारी होते ही कही जीत के गुलाल उड़ रहे थे तो कही हार का मलाल देखा जा रहा था। जाहिर हैं चुनाव में जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी व उनके समर्थक जीत का जश्न मना रहे थे। इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़ा, पटाखे फोडे.गए तथा समर्थकों को मिठाईंयां खिलाई गई। जीत के जश्न में जेठ के इस महीने में एक साथ होली और दीवाली जैसा नजरा दिखाई पड़ रहा था। वही हारने वाले खेमे के चेहरे मायूस हो गए थे। हार के मलाल से उनके समर्थक चुप चाप मतगणना कक्ष से बाहर निकल रहे थे।







# बदलाव की बयार में ध्वस्त हो गए पुराने पार्षदों के किले 35 में से 34 नए चेहरों पर जनता ने जताया भरोसा

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**

नगर परिषद चुनाव में इस बार बदलाव की बयार में पुराने पार्षदों के किले ध्वस्त हो गए हैं। जनता ने पिछले पांच वर्षों खासकर कोरोना काल में उनकी चुप्पी का सबक सिखाते हुए नयें चेहरों पर भरोसा जताया हैं, सिर्फ पूर्व मुख्य पार्षद भागमनी देवी ही बदलाव के इस बयार में भी अपनी साख बचाने में कामयाब रही हैं। वे लगातार चौथी बार अपने वार्ड की पार्षद बनी हैं। जबकि 35 में से 34 वार्डों में इस बार नयें चेहरे चुनाव जीतने में सफल रहे हैं।

पुराने पार्षदों की करारी हार ने उन्हें अपने गिरेबां में झांकने को मजबूर कर दिया है वही भविष्य में इस बात के संकेत भी दे दिए हैं कि आने वाले समय में विकास नहीं करने वाले पार्षदों को जनता नकार देगी। बता दें कि पहली बार चेयरमैन और उप चेयरमैन की सीधी लड़ाई में मतदाताओं ने विकास के नाम पर ही सुनीता गुप्ता और विकास ठाकुर पर भरोसा जताया है। कोरोना काल के दौरान इनकी सक्रियता तथा जनता के दुख सुख में सहभागिता का बड़ा इनाम मिला है। वही नगर परिषद की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले अधिकांश पार्षद इस बार औंधे मुंह गिरे हैं। हालांकि पिछली बार सिर्फ 26 वार्ड वाले नगर परिषद के परिसीमन में इस बार बदलाव के बाद नए सिरे से लागू आरक्षण प्रणाली में पूर्व पार्षद सोनू राय वार्ड 28 से अपनी मां सुभद्रा देवी को चुनाव जिताने में सफल रहे हैं।

### 35 में से 19 वार्डों में जीतीं महिला वार्ड पार्षद, मुख्य पार्षद का हाथ करेंगी मजबूत

नगर परिषद के इस चुनाव में महिलाओं का दबदबा शुरू से ही रहा हैं। इस बार भी यह देखने को मिला हैं। मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता के साथ ही विभिन्न वार्डों से कुल 19 महिला पार्षद चुनाव जीतकर आई है जो मुख्य पार्षद का हाथ मजबूत करते हुए नगर में विकास की गंगा बहाने में अपनी सहभागिता सुनिशित कराएगी। बता दें कि पिछले कुछ समय से समाज में महिलाओं को लेकर सोच में साकारात्मक परिवर्तन आया है और इसी का नतीजा है कि महिलाएं राजनीति में भी बखूबी भागीदारी निभा रही हैं। स्थानीय नगर परिषद चुनाव में चेयरमैन पद के अलावे वार्ड पार्षद हेतु महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित रखी गई थी। कुल 35 में से 19 वार्डों में महिलाएं चुनाव जीती हैं। लिहाजा, निर्वाचित होने वाली महिलाएं चूल्हे-चौके के साथ अब राजनीति में आगे आकर नगर परिषद की कमान भी संभालेंगी।

### ये हैं नवनिर्वाचित महिला वार्ड पार्षद

**वार्ड एक - पार्वती देवी**
**वार्ड दो - प्रमिला देवी**
**वार्ड सात - अनिता देवी**
**वार्ड नौ - तारा खातून**
**वार्ड 14 - प्रियंका चौरसिया**
**वार्ड 15 - मीना देवी**
**वार्ड 17 - निर्मला देवी**
**वार्ड 18 - अनु कुमारी**
**वार्ड 20 - कंचन सिन्हा**
**वार्ड 21 - महरून निशा**
**वार्ड 24 - शाहिना परवीन**
**वार्ड 26 - मोसरत जहां**
**वार्ड 27 - नीतू शर्मा**
**वार्ड 28 - सुभ्रदा देवी**
**वार्ड 30 - भागमनी देवी**
**वार्ड 31 - चंद्रावती देवी**
**वार्ड 32 - संध्या देवी**
**वार्ड 33 - मीरा देवी**
**वार्ड 35 - धनलगनी देवी**

### संध्या देवी बनीं सिकंदर तो मुकद्दर का सिकंदर साबित हुई तारा खातून

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के चुनाव में कई प्रत्याशियों ने बड़ी जीत दर्ज की है तो कई मामूली अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। एक तरफ चेयरमैन पद पर सुनीता गुप्ता ने 5351 मतों के भारी अंतर से जीत कर पहली बार जनता के मत पर सीधे चेयरमैन बन इतिहास कायम कर दी है तो दूसरी तरफ वार्डों की लड़ाई के भी कई रंग देखने को मिले हैं। इसी कड़ी में वार्ड 32 से वार्ड पार्षद का चुनाव जीतने वाली संध्या देवी वार्ड पार्षद के चुनाव में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीत सिकंदर साबित हुई। उनके पक्ष में 823 मत मिले थे, जबकि प्रतिद्वंदी विभा देवी को मात्र 282 मत ही मिल सका। संध्या ने 541 मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंदी को मात दी है। वही दूसरी तरफ वार्ड 9 से पार्षद चुनी गई तारा खातून मात्र 12 मतों से जीत दर्ज कर मुकद्दर का सिकंदर बनी हैं। उन्हें 325 मत मिले थे जबकि उनकी विपक्षी राधिका देवी भी 313 मत प्राप्त कर उन्हें कड़ी टक्कर दी।

## डुमरांव नगर परिषद मतगणना परिणाम इस प्रकार से है...

**मुख्य पार्षद**
सुनीता गुप्ता :- 11676
आशा देवी :- 6325
**उप मुख्य पार्षद**
विकास कुमार :- 5477
मोहम्मद फिरोज :- 4492
**वार्ड नंबर 01**
पार्वती देवी :- 232
गुड्डू सिंह :- 161
**वार्ड नंबर 02**
प्रमिला देवी :- 238
बशुमति कुमारी :- 196
**वार्ड नंबर 03**
चंदन कुमार :- 268
सौदागर चौधरी :- 185
**वार्ड नंबर 04**
लक्ष्मण चौधरी :- 488
सहाबुद्दीन खान :- 189
**वार्ड नंबर 05**
सहाबुद्दीन :- 320
नीरज कुमार सिंह :- 202
**वार्ड नंबर 06**
धनंजय कुमार पाण्डेय :- 212
कृष्ण कुमार :- 123
**वार्ड नंबर 07**
अनीता देवी :- 323
असगरी खातून :- 169
**वार्ड नंबर 08**
मो. समीउल्लाह कुरैशी :- 325
विनय कुमार :- 262
**वार्ड नंबर 09**
तारा खातून :- 325
राधिका देवी :- 313
**वार्ड नंबर 10**
कन्हैया राम :- 437
योगेंद्र राम :- 315
**वार्ड नंबर 11**
उमेश गोस्वामी :- 262
सुरेश भारती :- 205
**वार्ड नंबर 12**
पवन गोंड :- 169
सोनू गोंड :- 126
**वार्ड नंबर 13**
राजेश सिंह :- 237
सुरेश राम :- 165
**वार्ड नंबर 14**
प्रियंका चौरसिया :- 440
कलावती देवी :- 383
**वार्ड नंबर 15**
मीना देवी :- 280
कुमारी देवी :- 226
**वार्ड नंबर 16**
अनिल कुमार राय :- 466
बुद्धिराम राय :- 262
**वार्ड नंबर 17**
निर्मला देवी :- 500
आभा कुमारी :- 272
**वार्ड नंबर 18**
अनु कुमारी :- 647
शीला देवी :- 464
**वार्ड नंबर 19**
श्याम कुमार :- 501
निशा देवी :- 227
**वार्ड नंबर 20**
कंचन सिंह :- 293
हसीना बेगम :- 202
**वार्ड नंबर 21**
महरून निशा :- 505
नसीम अंसारी :- 924
**वार्ड नंबर 22**
अमर कुमार :- 644
पवन कु रजक :- 367
**वार्ड नंबर 23**
धीरेंद्र कुमार निराला :- 441
जियाउलहक अंसारी :- 273
**वार्ड नंबर 24**
शाहीना परवीन :- 569
उषा सिंह :- 470
**वार्ड नंबर 25**
आनंद कुमार :- 467
छठ्ठु सिंह :- 421
**वार्ड नंबर 26**
मोसरत जहां :- 497
गंगाजली देवी :- 313
**वार्ड नंबर 27**
नीतू शर्मा :- 572
अनीता देवी : 336
**वार्ड नंबर 28**
सुभद्रा देवी :- 480
रीमा देवी :- 307
**वार्ड नंबर 29**
विजय कुमार :- 370
गुलाम सरवर :- 240
**वार्ड नंबर 30**
भागमनी देवी :- 462
अनीता मिश्र :- 233
**वार्ड नंबर 31**
चंद्रावती देवी :- 496
नूरजहा खातून :- 475
वार्ड नंबर 32
संध्या देवी :- 823
विभा देवी :- 282
वार्ड नंबर 33
मीरा देवी :- 778
अनुराधा कुमारी :- 536
वार्ड नंबर 34
धनजी कुमार :- 366
वैजंती देवी :- 277
मतों का अंतर :- 89
वार्ड नंबर 35
धनलगनी देवी :- 369
बुधिया देवी :- 350

## जगह-जगह लोगों ने फूल माला पहनाकर नये चेयरमैन का किया स्वागत

# प्रचंड जीत के बाद मुख्य पार्षद समर्थकों ने निकाली आभार यात्रा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद के चेयरमैन पद पर प्रचंड जीत के बाद सुनीता गुप्ता तथा उनके प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ आभार यात्रा निकाल मतदाताओं को बहुमूल्य मत देने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान लोगों द्वारा जगह जगह उनका स्वागत किया गया तथा फूल मालाओं से लाद दिया गया।

जीत का प्रमाणपत्र लेकर बक्सर से लौटने के दौरान नगर परिषद क्षेत्र की सीमा में प्रवेश के साथ ही गोपाल डेरा से यह आभार यात्रा शुरू हुई, जो नवाडेरा, पुराना भोजपुर, स्टेशन रोड, कड़वी, खिरौली होते हुए शहर में पहुंची। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों समर्थकों जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। लोगों द्वारा उनका जबदस्त सवागत भी किया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित ने कहा कि जनता ने जो भरोसा दिखाया है उसे कायम रखा जाएगा। उन्होंने चुनाव के दौरान समर्थन व सहयोग करने वाले शहरवासियों, मित्रों का धन्यवाद जताया और कहा कि इतनी प्रचंड बहुमत देकर जनता ने मुझे स्वच्छ व सुंदर डुमरांव बनाने की जिम्मेवारी दी है। मैं उसका सफलतापूर्वक निवर्हन करने का प्रयास करूंगा। सुमित की मानें तो यह जीत पूरे नगर परिषद क्षेत्र की जनता की जीत है। आभार यात्रा के दौरान मुख्य पार्षद समर्थकों का उत्साह देखते बन रहा था। इसके साथ ही डुमरांव की जनता भी इस यात्रा में शामिल होती गई। देखते ही देखते यात्रा में लोगों का हुजूम उमड़ता चला गया।



## खबरें फटाफट

### तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**दुबहर।** स्थानीय क्षेत्र के एनएच 31के किशुनी पुर स्थित शांति दास के शिव मंदिर के निकट शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक सवार युवक को रौंदते हुए पलट गई। घटना की सूचना पाकर दुबहड़ थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगवा निवासी राधेश्याम यादव उर्फ सिंटू यादव उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अशोक यादव किसी कार्यवश बाइक से घोड़हरा की तरफ जा रहा था। वह अभी किसुनी पुर के पास पहुंचा ही था कि हल्दी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसे रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल होकर तड़पड़ाने लगा। दुबहड़ पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक तीन भाइयों में बीच का भाई था। जिसका विवाह विगत 20 मई को ही हुआ था।

### छात्र नेता मनन दूबे की मौत के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**बलिया।** करंट की चपेट में आने से हुई छात्र नेता मनन दूबे की मौत मामले में फेफना पुलिस ने जेई मनोज वर्मा, लाइनमैन संतोष राय, ठेकेदार ईश्वर दयाल पाण्डेय व पड़ोसी बृजमोहन उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया है। शहर से सटे निधरिया निवासी रमेश दूबे ने आरोप लगाया है कि मेरे मकान के पश्चिम गलीनुमा रास्ता है। उस रास्ते से पश्चिम बृजमोहन उपाध्याय का मकान है। मकान के ऊपर से विद्युत विभाग का तार जाता था, जो मेरे मकान के छत से करीब 11 फीट दूर था। बिजली तार को पड़ोसी बृजमोहन उपाध्याय ने जेई मनोज वर्मा, लाइनमैन संतोष राय व ठेकेदार ईश्वर दयाल पांडेय (निवासी बसंतपुर) ने साजिश के तहत मेरे छज्जे से सटाकर खिंचवाया दिया। यही नहीं, ठेकेदार ईश्वर दयाल पाण्डेय ने पड़ोसी के मकान के ऊपर से जा रहे तार और पोल को बिना किसी विधिक प्रक्रिया के हटाकर घर के करीब छज्जा के पास कर दिया।

### किसान सभा के जिलाध्यक्ष को बदमाशों ने मारपीट कर किया घायल

**सहतवार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नैना गांव निवासी तथा किसान सभा के जिलाध्यक्ष को बदमाशों ने न केवल मारपीट कर घायल कर दिया, बल्कि मोबाइल चश्मा आदि भी छीन लिया। लोगों की सहायता से किसान नेता को अस्पताल पहुंचाया गया।

# भाजपा सरकार के खजाने पर पहला अधिकार गरीबों व किसानों का: सूर्यप्रताप शाही

❐ संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में बोले कृषि मंत्री

**सिकन्दरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल पूरा होने पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन स्थानीय जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव व सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा रहे।

मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही ने अपने सम्बोधन में सभी मोर्चे के मौजूद पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं से कहा कि भाजपा के खिलाफ जो संयुक्त मोर्चा विपक्षियों के द्वारा बनाया गया है, उसे पार्टी के सभी मोर्चे पस्त कर देते हैं। प्रधानमंत्री के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद सब जानते हैं कि मोदी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास किया है। पंडित दीनदयाल के सपने को इन्होंने साकार किया है। कहा कि भाजपा सरकार के खजाने पर सबसे पहला अधिकार गरीबों, किसानों, मजदूरों तथा महिलाओं का है। जितनी भी योजनाएं आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनाई है उसका आधार गरीब ही हैं। गरीबों को खुशहाल बनाने के लिए ही मोदी जी काम कर रहे हैं। मोदी जी ने अपने कार्यकाल में उज्जवला गैस योजना, जनधन खाता योजना, पीएम किसान निधि, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजनाएं शुरू की, जिससे कि समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों को सीधा लाभ हो रहा है।अब एक बार फिर



2024 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकार बनाने के लिए सभी मोर्चे के लोगों को कमर कस लेना है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा हर समय चुनावी मोड में रहती है। चुनाव जब हो जैसे हो हमारा प्रत्याशी कमल का फूल होता है। कहा कि यदि किसी को कोई समस्या हो तो मिल बैठकर उस का समाधान कर लेना है तथा एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत करते हुए एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि लोक सभा क्षेत्र सलेमपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर बहुत सारे काम किए गए हैं। एक बार फिर सभी मोर्चे के लोग देश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध है और निश्चित रूप से 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। एक बार फिर मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री राजधारी सिह ने कहा कि आज हमे सौभाग्य मिला है कि मोदी के रूप में एक सशक्त नेता देश को मिला है जिनकी नेतृत्व में गरीबो का भला करने वाला मिला है मोदी सरकार के 9 साल के सफल कार्यकाल में देश के हर शहर गांव कस्बा में 9 साल सेवा सुशासन पूर्ण होने पर लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है ताकि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाया जाय उन्होंने अपने कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध जनों से अपील किया कि आप लोग अभी से बीजेपी को जिताने के लिए लग जाये। मोर्चा सम्मेलन में प्रमुख रुप से,पूर्व विधायक भगवान पाठक, भोला सिंह, अखिलेश सिंह गुड्डू आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि राय, हरि भगवान चौबे नवानगर ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी मैनेजर चौहान पूनम पांडेय विनोद शंकर गुप्ता सुनील सिंह, नीरज राय, मुक्तेश्वर वर्मा, प्रमोद गुप्ता, डा. उमेश चन्द, दीपक सिंह, मुन्ना शर्मा, श्रीकांती देवी, देवेंद्र भारती, डा. खुर्शीद, यशवंत राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता करण मौर्य व संचालन मंजय राय ने किया।

# सोनवल से गाजीपुर सिटी तक ट्रेन के संचालन के लिए रेलवे लाइन तैयार





❐ आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चंद्रा ने इंजीनियरों के साथ सिटी से सोनवल तक परियोजना का पूरी बारिकी से किया अवलोकन

**गाजीपुर।** ताड़ीघाट-मऊ नई रेल लाइन के पहले चरण की 9.600 किमी लंबी सोनवल से गाजीपुर सिटी स्टेशन तक जाने वाली नई रेल का आगामी 17 जून को सीआरएस की तारीख मुकर्रर हो चुकी है। इसके पूरा होते ही सोनवल से सिटी तक यह लाइन ट्रेन के संचालन के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएगी।

सीआरएस की तारीख का निर्धारण होते ही रेलवे के अधिकारियों के दौरे तेज हो गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चंद्रा ने अपने मातहतों व इंजीनियरों के साथ सिटी से सोनवल तक परियोजना का पूरी बारिकी से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बता दें कि सोनवल से गाजीपुर सिटी तक नई रेल लाइन का 11 मार्च को डीजल और

31 मार्च को इलेक्ट्रिक इंजन का सफल स्पीड ट्रायल हुआ था। आरवीएनएल के अधिकारियों के मुताबिक सीआरएस के लिए जरूरी पत्रावलियों को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वी जोन के कार्यालय को कुछ दिनों पहले प्रेषित किया था। जिसे 17 जून के लिए हरी झंडी मिल गई। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 नवंबर 2016 को 1766 करोड़ की इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। पूरे परियोजना का 99 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 420 की लागत से रेल सह सडक पुल, सोनवल स्थित 25 करोड़ की लागत से नया रेलवे स्टेशन के अलावा नदी के दोनों तरफ रेल एप्रोच वायडक्ट। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक सीआरएस के बाद इस पहले चरण की परियोजना को रेलवे को हैंडओवर करने की भी प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी जाएगी।मालूम हो कि यह महत्वपूर्ण परियोजना के तहत सोनवल स्टेशन हाजीपुर एवं 13 नंम्बर पुलिया से लेकर सिटी तक लाइन गोरखपुर जोन के देख-रेख में रहेगा। महकमें के अनुसार इस नये रूट की ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार भर सकेंगी।अभी हाल ही में जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने भी परियोजना का निरीक्षण किया था। निर्देश दिया था कि नवंबर तक इसे पूरा कर लिया जाए, ताकि दिसंबर में प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी इस परियोजना को देश को समर्पित कर सकें। इस संबंध में आरवीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि 17 जून को इस नए रेल लाइन का सीआरएस निर्धारित हो चुका है। उम्मीद है कि इसके बाद ट्रेन संचालन के लिए यह नई लाइन तैयार हो जाएगी।

## गाजीपुर में गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर घायल, मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

**गाजीपुर।** जिले के नंदगंज थाने के सहेड़ी शिव शक्ति ढाबा से 100 मीटर आगे एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। घटना के वक्त वह बाइक से अपने घर डिहियां जा रहा था। हिस्ट्रीशीटर अरविंद यादव को हमलावरों ने गोली मार दी, लेकिन संयोग अच्छा रहा कि गोली कान को छूते हुए निकल गई। गोली का छर्रा कान में लगा है। जिसका इलाज राजकीय मेडिकल कालेज में चल रहा है। गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस व भुड़कुड़ा सीओ रविंद्र वर्मा ने घायल से जानकारी ली और छानबीन में जुट गई है।



बता दें कि नंदगंज थाना क्षेत्र के डिहियां गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर अरविंद यादव किसी काम से गाजीपुर गया था। रात करीब नौ बजे के करीब दो लोग बाइक से अपने घर आ रहे थे। तभी सहेड़ी शिव शक्ति ढाबा से 100 मीटर दूर एक ही बाइक से तीन लोग आए और गोली चला दिए। गोली कान को छूते हुए निकल गई।गोली का छर्रा कान में लगा है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पाल ने बताया कि घायल के द्वारा तहरीर मिली है। एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## रेवतीपुर में जलनिकासी की समस्या दूर करने पहुंचे लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को दबंगों ने पीटा

❐ डीएम के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर रेवतीपुर गाँव के बलुआ टोला में जलनिकासी की समस्या को दूर करने व मौके पर जमीन की पैमाइश कर रहे लेखपाल मृतुन्जय राय एवं राजस्व निरीक्षक राकेश राय के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पूरे घटनाक्रम की जानकारी राजस्वकर्मियों ने उच्चाधिकारियों को दे दी है। इसके बाद दोनों कर्मचारियों ने गाँव के ही तीन नामजद व एक अज्ञात ने खिलाफ थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी का मुकदमा



पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी में जुट गई है। इसके बाद पुलिस ने घायल दोनों राजस्व कर्मियों को मेडिकल मुआयना के लिए रेवतीपुर सीएचसी ले गई, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों को? जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी लेखपाल संघ को हुई, तो दर्जनों की संख्या में वह भी थाने पहुंच गये। राजस्वकर्मियों ने पुलिस को चेताया कि अगर 24 घंटे में हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह सभी कमलबंद हडताल करने के साथ ही धरना प्रदर्शन को मजबूर होगें। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घायल राजस्व निरीक्षक राकेश राय एवं लेखपाल मृतुन्जय राय ने बताया कि बलुआ टोला में पिछले एक साल से जलनिकासी वाले मार्ग पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की थी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने राजस्व कर्मियों की टीम गठित कर पैमाइश का निर्देश दिया।

## अलावलपुर गांव में राष्ट्रीय पिछड़ा व मुस्लिम वर्ग सम्मेलन का हुआ आयोजन

# जिनकी वार्षिक आय पांच लाख से कम हो, उन्हें शराब की बिक्री ना किया जाए : शमीम

**बलिया।** अलावलपुर गांव में रविवार को राष्ट्रीय पिछड़ा व मुस्लिम वर्ग सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान पिछड़ों और मुसलमानों की एकता और भाईचारा पर जोर दिया गया। इस दौरान पिछड़ा व मुसिल्म एकता जिंदाबाद, बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि पिछड़े समाज के लोग सबसे ज्यादा नशा करते हैं। हमारे पिछड़ेपन की सबसे बड़ी वजह हमारे कमाई का एक बड़ा हिस्सा शराब के सेवन में चला जाता है, जो हमारे आने वाली नस्लों की तरक्की में सबसे बड़ा बाधक है। सरकार से हम आग्रह करते हैं कि गरीब या जिनकी वार्षिक आय पांच लाख से कम हो, उन्हें शराब की बिक्री ना किया जाए। ताकि वह अपनी छोटी सी आय से सबसे पहले अपने परिवार का भरण पोषण करें। देश में आज तक पिछडो, दलितों, मुसलमानों, आदिवासियों को उनके अधिकार से वंचित रखा गया है। आज हमारे पास



बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और बाबू सिंह कुशवाहा जैसे शानदार नेता है, जो देश में हमारे हक के लिए लड़ाई लड़ रहे है। हमें उनके हाथों को मजबूत करना होगा।

एआईएमआईएम पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है,हमें अंग्रेजों से आजादी तो मिल गई, लेकिन गुलामी की मानसिकता से आज भी उबर नहीं पाए। हमें समाज की मुख्यधारा से जुड़ना होगा। सामाजिक बुराइयों को छोड़कर आपसी खींचतान से बाहर आकर तरक्की के लिए संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर विनायक मौर्या ,अशोक मौर्य ,एआईएमआईएम पार्टी के जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष नेहाल अहमद, भंते धम्मा सेन, भारत मुक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष सूर्यबली जी, अवधेश वर्मा,पप्पू चौहान, प्रकाश ठाकुर, संजय पटेल, राजेश यादव, ओंकार नाथ गुप्ता,नथूनी शर्मा, संजय पटेल, ओम प्रकाश ठाकुर, राधेश्याम कुशवाहा, दिनेश बिंद,प्रियंका गुप्ता, ममता वर्मा, सत्यानंद राजभर,राजकुमार यादव,छोटक राजभर,विजय वर्मा,पिंकी यादव सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी विकास पटेल तथा संचालन नीतिश कुमार ने किया।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद की महिला सदस्यों ने गंगादास आश्रम में की साफ-सफाई

**गाजीपुर।** भारत विकास परिषद मौनी बाबा, नंदगंज की महिला प्रकल्प के सदस्यों ने शाखाध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में रविवार को धार्मिक स्थल की साफ-सफाई और पौधरोपण करके एक संदेश दिया कि महिला भी किसी से कम नहीं है। बस किसी से आगे आने की प्रेरणा मिलनी चाहिए।



भारत विकास परिषद की सदस्या और शाखाध्यक्ष की पत्नी पुनिता सिंह खुशबू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को साफ सुथरा बनने की मुहिम चलाई, तो देश के सभी समाज सेवी संस्थाओं की तरह हम लोग भी इस मुहिम का हिस्सा बनी। इसी प्रकार भारत विकास परिषद नंदगंज ने भी सरकार के इस अभियान का साथ देने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में रविवार को बयेपुर में श्रीगंगादास बाबा के समाधि स्थल पर दर्जनों महिला सदस्यों द्वारा झाड़ू -पोछा किया गया। खिड़की, शीशा आदि की साफ- सफाई की गई। महिला सदस्यों द्वारा बाबा के समाधि स्थल का दर्शन करने के बाद वापसी में चाड़ीपुर गांव स्थित माँ चंडिका धाम मन्दिर परिसर में नीम का पौधा लगाया गया। इस मौके पर परिषद के सह-प्रमुख सदस्यता प्रकल्प छोटू सिंह , अजय कुमार , मकनू सिंह, आलोक कुमार, बहन उपमा , इन्द्रबाला , पूजा कुमारी सहित काफी संख्या में परिषद् की महिलाएं उपस्थित रही।

### आरपीएफ इंस्पेक्टर ने चोरी की गई रेलवे संपत्ति के साथ युवक को किया गिरफ़्तार

**गाजीपुर।** रेलवे सुरक्षा बल गाजीपुर सिटी के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त एवं निगरानी कर रही थी। तभी रेलवे पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई। हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद मौर्य एवं सिपाही धनेश दुबे एक संदिग्ध व्यक्ति को भागते वक्त पकड़ लिए। इंस्पेक्टर अमित राय ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने रेलवे संपत्ति की चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास मौजूद सामान की चेकिंग की गई। न्यू वाशिंग पीट लाइन से पकड़े गए बुधुराम पुत्र रामप्रवेश निवासी रायपुर थाना करीमुद्दीनपुर -गाजीपुर के पास से एक सफेद बोरी बरामद की गई है। जिसमें वाशिंग पीट लाइन से चोरी की गई रेल संपत्ति चार एमएम का कॉपर वायर करीब 160 मीटर, डग लाइट फिटिंग बॉक्स 17, डग लाइट चार, मेन एमसीवी का कवर एक, कनेक्टर पांच, केबल डालने वाला पाइप डेढ़ -डेढ़ फीट के 16, पुराना ब्रेक ब्लॉक चार आदि मौजूद मिला। इसकी कुल कीमत करीब 13000 है। उक्त के संबंध में आरपीएफ गाजीपुर सिटी थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 01/23 अंतर्गत धारा 3 प्द्ध (वढ) अउळ 11/06/23 पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच अरकजयशंकर दुबे द्वारा की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त को रेलवे मजिस्ट्रेट वाराणसी के सामने पेश किया जाएगा, जहां से उक्त की रिमांड ली जाएगी।



### सैदपुर भाजपा कार्यालय पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन



**गाजीपुर।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्य के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सैदपुर विधानसभा के भाजपा कार्यालय पर सभी मोर्चा के अध्यक्षों की उपस्थिति में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने किया। संचालन पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज बिंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल सिंह चंचल ने केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बृहद चर्चा की। वर्तमान में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गुंडे मवाली सभी जेल के अंदर हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास का नारा देकर आम जनमानस में एक भरोसा कायम करने का कार्य किया है। इसके अंतर्गत व्यापारी समाज से लेकर आम जनमानस तक वर्तमान सरकार की गुणगान कर रहा है। मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में बेहतर कार्य कर लोगों के जीवन में परिवर्तन ला दिया है। किसान, मजदूर, वंचित तबकों के साथ ही महिलाओं के लिए अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जबकि पिछली सरकारें लोगों के जीवन में बदलाव लाने में पूरी तरह असफल रही हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे। सरकार ने आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, पेयजल, किसान सम्मान निधि, अटल टनल, वंदे भारत ट्रेन, एयरपोर्ट का विस्तार का कार्य किया। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे जो अब 150 से ज्यादा हो चुके है। कहा कि कोविड काल में भारत ने अपने 130 करोड़ लोगों को डबल डोज वैक्सीन लगवाई। साथ ही 100 देशों को वैक्सीन की सप्लाई भी किया। देश में 9300 जन औषधि केंद्र, 23 नए एम्स स्थापित किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति लागू की गई। सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, दिव्यंजन को 7 से 21 कैटेगरी में आरक्षण दिया। कहा कि विपक्ष हमेशा ही देश और सरकार के प्रति नकारात्मक सोच रख रहा है, जबकि भाजपा सकारात्मक सोच के साथ विगत नौ वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास में लगी है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री राम तेज पांडे, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह, अनूप जायसवाल सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।